# ललितपुर दवा उत्पादन का केंद्र बनेगा

- फार्मा पार्क के लिए 'ग्लोबल एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट' जारी
- उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुरू की तैयारी

लखनऊ,विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। प्रदेश में बड़े निवेश आकर्षित करने के साथ ही औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में प्रयासरत सरकार ने ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क को वर्ल्ड क्लास कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटीज (सीआईएफ) से युक्त करने की तैयारी शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री योगी के विजन अनुसार ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के विकास के लिए 'ग्लोबल एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट' (ईओआई) जारी कर दिया है। इस ग्लोबल ईओआई के जरिए ललितपुर ड्रग पार्क को फार्मा सेक्टर के महत्वपूर्ण घटक 'की स्टार्टिंग मटीरियल्स' (केएसएम) व 'एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स' (एपीआई) का निर्माण करने वाली इकाइयों के गढ़ के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। ललितपुर बल्क ड्रग पार्क के विकास के लिए देश समेत फार्मा सेक्टर के ग्लोबल लीडर्स को आकर्षित करने के लिए ईओआई जारी की गई है।



## लार्ज स्केल टाउनशिप का मार्ग होगा प्रशस्त

पार्क के विकास के लिए जो कार्ययोजना बनी है, उसके अनुसार लार्ज स्केल इंडस्ट्रियल टाउनशिप्स, सेक्टोरल स्पेसिफिक इंडस्ट्रियल पार्क्स व अन्य इंडस्ट्रियल क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

## 1120 एकड़ क्षेत्र में पीपीपी मोड पर आधारित होगा विकास

ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास के पीछे मुख्यमंत्री का विजन है कि वह इस क्षेत्र को देश की फार्मा जरूरतों के हिसाब से विकसित करना चाहते हैं। वह चाहते हैं उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं का यहां निर्माण हो जो किफायती हों और बल्क ड्रग प्रोडक्शन के क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़े। पार्क का 1120 एकड़ क्षेत्र में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर विकास किया जा रहा है।